| |
|---|
| दिनांक 26.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 399/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद चित्रकूट/थाना बहिलपुरवा

- **50–50 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 26.07.2026 को थाना बहिलपुरवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मछलिया तिराहा से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–विवेक उर्फ सोनू 2–प्रवीण को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रकाश में आये पुरस्कार घोषित अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ भोले को दिनांक 25.07.2026 को थाना बहिलपुरवा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चूका है। तथा शेष 02 अभियुक्तों 1–विवेक उर्फ सोनू 2–प्रवीण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50–50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बहिलपुरवा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विवेक उर्फ सोनू निवासी रैपुरवा माफी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट।

2–प्रवीण निवासी मानपुर थाना भरतकूप थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट।

## जनपद अमरोहा/थाना बछरायूं

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 26.07.2026 को थाना बछरायूं व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त सोनू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना बछरायूं पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बछरायूं पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोनू निवासी ग्राम चौखट थाना बछरायूं जनपद अमरोहा।

## जनपद हरदोई/थाना कोतवाली शहर

- **14 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 करोड़ 28 लाख 99 हजार 310 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 25.07.2026 को थाना कोतवाली शहर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 14 अभियुक्तों 1–शोभित 2–दीपक 3–सनी 4–अमान 5–अजय 6–विशाल उर्फ गोलू 7–बदन 8–परम किशोर 9–केशव 10–शिवम 11–सनी 12–नीरज 13–प्रिन्स 14–महफूज उर्फ लाली को गिरफ्तार किया गया एवं दो बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 करोड़ 28 लाख 99 हजार 310 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16/17.07.2026 को थाना कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त अमान शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शोभित निवासी ग्राम पेड़ा थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

2–दीपक निवासी हरिओम नगर थाना मड़ियाव कमिश्नरेट लखनऊ।

3–सनी निवासी हरिओम नगर थाना मड़ियाव कमिश्नरेट लखनऊ।

4–अमान निवासी हरिओम नगर थाना मड़ियाव कमिश्नरेट लखनऊ।

5–अजय निवासी बेलाहा थाना टडियावा जनपद हरदोई।

6–विशाल उर्फ गोलू निवासी बेलाहा थाना टडियावा जनपद हरदोई।

7–बदन निवासी नगेटा पुर्वी थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

8–परम किशोर निवासी बर्रा डाल सिंह थाना सुरसा जनपद हरदोई।

9–केशव निवासी नगेटा पुर्वी थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

10–शिवम निवासी नगेटा पुर्वी थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

11–सनी निवासी जमादार कॉलोनी थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

12–नीरज निवासी नगेटा पुर्वी थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई।

13–प्रिन्स निवासी कोडरा सरैया थाना बेहटागोकुल जनपद हरदोई।

14–महफूज उर्फ लाली निवासी कसगढन कस्बा सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर बाला जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 करोड़ 28 लाख 99 हजार 310 रूपये नगद।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 25 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने व डायमण्ड के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 26.07.2026 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुदामापुरी बिजलीघर के पास से अभियुक्त अनन्त को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 25 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने व डायमण्ड के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25.07.2026 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा

रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनन्त निवासी ग्राम जाजलपुर थाना अलीगंज जनपद एटा।

**बरामदगी**

1–लगभग 25 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने व डायमण्ड के आभूषण आदि।

———————